# नाथ तेरा साथ | By Ravi Sharma

हो बेशक साल नया पर वो ही साथ चाहिए
सर पे मेरे नाथ तेरा हाथ चाहिए
हँसता रहे परिवार ये सौगात चाहिए
सर पे मेरे नाथ तेरा हाथ चाहिए

बीते साल का चुकता बाबा आज बैठ कर कर लो ना
जितनी बकाया तनख्वाह है, मुट्ठी में अपनी भर लो ना
भरी हुई मुट्ठी झोली में आज चाहिए
सर पे मेरे नाथ तेरा हाथ चाहिए

दुनियादारी में बाबा बहुत रह लिए हम लुट कर
शीश नवाया बस बाबा तेरे चरणों में झुक कर
आने वाले इन सालों में ठाठ चाहिए
सर पे मेरे नाथ तेरा हाथ चाहिए

तुम आओ बाबा महफ़िल में नए साल पे सजाई है
रवि ने बाबा महफ़िल में गाथा तेरी गाई है
मस्त मंडल के भक्तों को तेरी बात चाहिए
सब भक्तों को महफ़िल में तेरी बात चाहिए
सर पे मेरे नाथ तेरा हाथ चाहिए
सर पे मेरे नाथ तेरा हाथ चाहिए

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%a5-by-ravi-sharma/